जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर (म0प्र0)

क्रमांक स्था.दो/2024/283 दिनांक 21/03/2024

प्रति,

समस्त कार्यालय प्रमुख,
जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय,
जबलपुर।

विषय :— डुप्लीकेट सर्विस बुक बनाये जाने के संबंध में।

———

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि दिनांक 12.03.2024 को माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में IUMS पोर्टल में आवश्यक संशोधन के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में माननीय कुलपति महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकारियों/कर्मचारियों की मूल सेवा–पुस्तिका के अभाव में उनके सेवानिवृत्त स्वत्वों का निराकरण कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है साथ ही कई बार माननीय उच्च न्यायालय में याचिकायें दायर की जाती है।

अतः लेख है कि आपके अधीनस्थ समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों की द्वितीय सेवा पुस्तिका अद्यतन तिथि में तैयार की जाकर संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को हस्तगत करायें।

ये भी लेख है कि समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी की सेवा पुस्तिकाओं का डिजिटीलाईजेशन कराये जाने के परिपेक्ष्य में समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों की सेवापुस्तिका स्कैनिंग कराते हुए कार्यवाही पूर्ण किये जाने संबंधी प्रमाण पत्र इस कार्यालय को उपलब्ध करायें।

कुलपतिजी के आदेशानुसार,

कुलसचिव

पृष्ठां.क्रमांक स्था.दो/2024/ दिनांक / /2024

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित :—

1. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिव के निज सचिव, ज.ने.कृ.वि.वि., जबलपुर।

कुलसचिव